(क) वेमाणियाणं पुच्छा। गोयमा! तिन्नि लेस्सा पन्नत्ता, तंजहा—तेऊ-लेस्सा पम्हलेस्सा सुक्कलेस्सा।

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

(ख) वेमाणियाणं तओ लेस्साओ पन्नत्ताओ, तंजहा—तेऊपम्हसुक्कलेस्सा।

—ठाण० स्था ३। उ १। सू १८१। पृ० २०५

(ग) वेमाणियाणं तिन्नि उवरिमलेस्साओ।

—ठाण० स्था १। सू ५१। पृ० १८४

वैमानिक देव में तीन लेश्या होती है, यथा—तेजो पद्म शुक्ल लेश्या।

'२५'१ वैमानिक देवी में—

वेमाणिणीणं पुच्छा। गोयमा! एगा तेऊलेस्सा।

—पण्ण० प १७। उ २। सू १३। पृ० ४३८

वैमानिक देवी में एक तेजो लेश्या होती है।

'२५'२ वैमानिक देव के विभिन्न भेदों में—

(क) सौधर्म—ईशान देव में

(१) सोहम्मीसाणदेवाणं कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ? गोयमा! एगा तेऊ-लेस्सा पन्नत्ता।

—जीवा० प्रति ३। सू २१५। पृ० २३६

(२) दोसु कप्पेसु देवा तेऊलेस्सा पन्नत्ता, तंजहा—सोहम्मे चेव ईसाणे चेव।

—ठाण० स्था २। उ ४। सू ११५। पृ० २०२

सौधर्म तथा ईशान देवलोक के देव में एक तेजो लेश्या होती है।

(ख) सनत्कुमार-माहेन्द्र-ब्रह्म में—

सणंकुमारमाहिंदेसु एगा पम्हलेस्सा एवं बम्हलोगेवि पम्हा।

—जीवा० प्रति ३। सू २१५। पृ० २३६

सनत्कुमार—माहेन्द्र—ब्रह्म देव में एक पद्म लेश्या होती है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(ग) ब्रह्मलोक के बाद के देव में (लांतक से नव ग्रैवेयक देव में)।

सेसेसु एगा सुक्कलेस्सा।

—जीवा० प्रति ३। सू २१५। पृ० २३६

लांतक से नव ग्रैवेयक देव में एक शुक्ल लेश्या होती है।

(घ) अनुत्तरोपपातिक देव में—

अणुत्तरोववाइयाणं एगा परमसुक्कलेस्सा।

—जीवा० प्रति ३। सू २१५। पृ० २३६

अनुत्तरोपपातिक देव में एक परम शुक्ल लेश्या होती है।

·२६ पंचेन्द्रिय में—

(पंचेंदिया) छल्लेस्साओ।

—भग० श २०। उ १। प्र ४। पृ० ७६०

(औधिक) पंचेन्द्रिय के छः लेश्या होती है।

समुच्चय गाथा

कण्हानीलाकाऊतेऊलेस्सा य भवणवंतरिया।
जोइससोहम्मीसाणे तेऊलेस्सा मुणेयव्वा॥
कप्पेसणकुमारे माहिंदे चेव बंभलोए य।
एएसु पम्हलेस्सा तेणं परं सुक्कलेस्साओ॥
पुढवीआउवणस्सइ बायर पत्तेय लेस्स चत्तारि।
गब्भयतिरयनरेसु छल्लेस्सा तिण्णि सेसाणं॥

—संग्रह गाथा

—भग० श १। उ २। प्र ६७ टीका से

भवनपति तथा वाणव्यंतर देव में चार लेश्या, ज्योतिष-सौधर्म-ईशान देव में तेजो लेश्या, सनत्कुमार-माहिन्द्र-ब्रह्म देव में पद्म लेश्या, लातंक से अनुत्तरोपपातिक देव में शुक्ललेश्या, पृथ्वीकाय-अप्काय, बादर प्रत्येक शरीरी वनस्पतिकाय में चार लेश्या, गर्भज तिर्यंच-मनुष्य में छः लेश्या, शेष जीवों में तीन लेश्या होती है।

·२७ गुणस्थान के अनुसार जीवों में—

(क) प्रथम गुणस्थान के जीवों में—छः लेश्या होती है।

(ख) द्वितीय गुणस्थान के जीवों में—छः लेश्या होती है।

(ग) तृतीय गुणस्थान के जीवों में—छः लेश्या होती है।

(घ) चतुर्थ गुणस्थान के जीवों में—छः लेश्या होती है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(ङ) पंचम गुणस्थान के जीवों में—छः लेश्या होती है।

(च) षष्ठ गुणस्थान के जीवों में—छः लेश्या होती है।

(छ) सप्तम गुणस्थान के जीवों में—अन्तिम तीन लेश्या होती है।

(ज) अष्टम गुणस्थान के जीवों में—एक शुक्ल लेश्या होती है।

(झ) नवम गुणस्थान के जीवों में—एक शुक्ल लेश्या होती है।

(ञ) दशम गुणस्थान के जीवों में—

(नियंठे णं भंते ! पुच्छा । गोयमा ! सलेस्से होज्जा नो अलेस्से होज्जा, जइ सलेस्से होज्जा से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! एगाए सुक्कलेस्साए होज्जा ।) सुहुमसंपराए जहा नियंठे ।

—भग० श२५। उ ७। प्र ५१। पृ० ८९०

दशवें (सूक्ष्मसंपराय) गुणस्थान जीव में एक शुक्ललेश्या होती है।

ट—ग्यारहवें गुणस्थान के जीवों में :—

नियंठे णं भंते ! पुच्छा । गोयमा ! सलेस्से होज्जा, णो अलेस्से होज्जा, जइ सलेस्से होज्जा से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! एगाए सुक्कलेस्साए होज्जा !

—भग० श २५। उ ६। प्र ९१। पृ० ८८२

ग्यारहवें गुणस्थान के जीव में एक शुक्ललेश्या होती है।

ठ—बारहवें गुणस्थान के जीवों में :—

एक शुक्ललेश्या होती है।

ड—तेरहवें गुणस्थान के जीवों में :—

सिणाए पुच्छा, गोयमा ! सलेस्से वा होज्जा, अलेस्से वा होज्जा, जइ सलेस्से होज्जा ? से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! एगाए परमसुक्कलेस्साए होज्जा ।

—भग० श २५। उ ६। प्र ९२। पृ० ८८२

तेरहवें गुणस्थान में एक परम शुक्ललेश्या होती है।

ढ—चौदहवें गुणस्थान के जीवों में (देखो पाठ ऊपर) अलेशी होते हैं।

·२८ संयतियों में :—

क—पुलाक में :—

पुलाए णं भंते ! किं सलेस्से होज्जा, अलेस्से होज्जा ? गोयमा ! सलेस्से होज्जा, णो अलेस्से होज्जा, जइ सलेस्से होज्जा से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! तिसु विसुद्धलेस्सासु होज्जा, तंजहा, तेऊलेस्साए पम्हलेस्साए सुक्कलेस्साए।

—भग० श २५। उ ६। प्र ८९। पृ० ८८२

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुलाक में तीन लेश्या होती है—यथा, तेजोलेश्या, पद्मलेश्या, शुक्ललेश्या ।

ख—वकुस में :—

एवं बउसस्सवि ।

—भग० श २५ । उ ६ । प्र ८६ । पृ० ८८२

बकुस में पुलाक की तरह तीन लेश्या होती है ।

ग—प्रतिसेवना कुशील में :—

एवं पडिसेवणाकुसीलेवि ।

—भग० श २५ । उ ६ । प्र ८६ । पृ० ८८२

प्रतिसेवना कुशील में भी पुलाक की तरह तीन लेश्या होती है ।

नोट :—तत्त्वार्थ के भाष्य में वकुस और प्रतिसेवना कुशील में ६ लेश्या बताई है ।

बकुश प्रतिसेवनाकुशीलयोः सर्वाः षडपि ।

—तत्त्व० अ ६ । सू ४६ । भाष्य । पृ० ४३५

घ—कषाय कुशील में :—

कसायकुसीले पुच्छा । गोयमा! सलेस्से होज्जा णो अलेस्से होज्जा, जइ सलेस्से होज्जा से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! छसु लेस्सासु होज्जा, तंजहा, कण्हलेस्साए जाव सुक्कलेस्साए ।

—भग० श २५ । उ ६ । प्र ९० । पृ० ८८२

कषाय कुशील में छः लेश्या होती है ।

नोट :—तत्त्वार्थ भाष्य में कषाय कुशील में तीन शुभलेश्या बताई है ।

—तत्त्व० अ ६ । सूत्र ४६ । भाष्य । पृ० ४३५

ङ—निर्ग्रन्थ में :—

नियंठे णं भंते ! पुच्छा । गोयमा ! सलेस्से होज्जा, णो अलेस्से होज्जा । जइ सलेस्से होज्जा, से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! एगाए सुक्कलेस्साए होज्जा ।

—भग० श २५ । उ ६ । प्र ९१ । पृ० ८८२

निर्ग्रंथ में एक लेश्या होती है ।

च—स्नातक में :—

सिणाए पुच्छा । गोयमा ! सलेस्से वा होज्जा, अलेस्से वा होज्जा, जइ सलेस्से होज्जा से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! एगाए परमसुक्क-लेस्साए होज्जा ।

—भग० श २५ । उ ६ । प्र ९२ । ८८२

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्नातक सलेशी तथा अलेशी दोनो होते हैं जो सलेशी होते हैं उनमें एक परम शुक्ल-लेश्या होती है।

छ—सामायिक चारित्र वाले संयति में :—

सामाइयसंजए णं भंते ! किं सलेस्से होज्जा, अलेस्से होज्जा ? गोयमा ! सलेस्से होज्जा जहा कसायकुसीले।

—भग० श २५। उ ७। प्र ४६। पृ० ८६०

सामायिक चारित्र वाले संयति में छः लेश्या होती है।

ज—छेदोपस्थानीय चारित्र वाले संयति में :—

एवं छेदोवट्ठावणिएवि।

—भग० श २५। उ ७। प्र ४६। पृ० ८६०

इसी प्रकार छेदोपस्थानीय चारित्र वाले संयति में छः लेश्या होती है।

झ—परिहारविशुद्धिक चारित्र वाले संयति में :—

परिहारविशुद्धिए जहा पुलाए।

—भग० श २५। उ ७। प्र ४६। पृ० ८६०

परिहारविशुद्धिक चारित्र वाले संयति में तीन लेश्या होती है।

ञ—सूक्ष्म संपराय वाले संयति में :—

सुहुमसंपराए जहा नियंठे।

—भग० श २५। उ ७। प्र ४६। पृ० ८६०

सूक्ष्म संपराय चारित्र वाले संयति में एक शुक्ललेश्या होती है।

ट—यथाख्यात चारित्र वाले संयति में :—

अहक्खाए जहा सिणाए नवरं जइ सलेस्से होज्जा, एगाए सुक्कलेस्साए होज्जा।

—भग० श २५। उ ७। प्र ४६। पृ० ८६०

यथाख्यात चारित्र वाले सलेशी तथा अलेशी (स्नातक की तरह) दोनों होते हैं जो सलेशी होते हैं उनके एक शुक्ललेश्या होती है।

'२६—विशिष्ट जीवों में :—

१—अश्रुत्वा केवली होनेवाले जीव के अवधि ज्ञान के प्राप्त करने की अवस्था में :—

असोच्चा णं भंते ×× (विब्भंगे अन्नाणे सम्मत्तपरिग्गहिए खिप्पामेव ओही परावत्तइ) से णं भंते! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! तिसु विशुद्धलेस्सासु होज्जा, तंजहा, तेऊलेस्साए, पम्हलेस्साए, सुक्कलेस्साए।

—भग० श ६। उ ३१। प्र १२। पृ० ५७६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अश्रुत्वा केवली होने वाले जीव के विभंग अज्ञान की प्राप्ति के बाद मिथ्यात्व के पर्याय क्षीण होते-होते, सम्यग्दर्शन के पर्याय बढ़ते-बढ़ते विभंग अज्ञान सम्यक्त्वयुक्त होता है तथा अति शीघ्र अवधिज्ञान रूप परिवर्तित होता है। उस अवधिज्ञानी जीव के तीन विशुद्ध लेश्या होती है।

२—श्रुत्वा केवली होने वाले जीव के अवधिज्ञान के प्राप्त करने की अवस्था में :—

(सोच्चा णं भंते × × से णं ते णं ओहीनाणेणं समुप्पन्नेणं × ×) से णं भंते ! कइसु लेस्सासु होज्जा ? गोयमा ! छसु लेस्सासु होज्जा। तंजहा, कण्हलेस्साए जाव सुक्कलेस्साए।

—भग० श ९। उ ३१। प्र ३५। पृ० ५८०

श्रुत्वा केवली होने वाले जीव के अवधिज्ञान की प्राप्ति होने के बाद उस अवधिज्ञानी जीव के छः लेश्या होती है।

टीकाकार ने इसका इस प्रकार स्पष्टीकरण किया है—

"यद्यपि भावलेश्यासु प्रशस्तास्वेव तिसृष्ववधिज्ञानं लभते तथाऽपि द्रव्यलेश्याः प्रतीत्य षट्स्वपि लेश्यासु लभते सम्यक्त्वश्रुतवत्"। यदाह—'सम्मत्तसुय सव्वासु लब्भइ' त्ति तल्लाभे चासौ षट्स्वपि भवतीत्युच्यते इति।

—भग० श ९। उ ३१ पर टीका

यद्यपि अवधिज्ञान की प्राप्ति तीन शुभलेश्या में होती है परन्तु द्रव्यलेश्या की अपेक्षा सम्यक्त्व श्रुत की तरह छओं लेश्या में अवधिज्ञान होता है। जैसा कहा है—सम्यक्त्वश्रुत छओं लेश्या में प्राप्त होता है।

·५४ विभिन्न जीव और लेश्या स्थिति

·५४.१ नारकी की लेश्या स्थिति :—

दस वाससहस्साइं, काऊए ठिई जहन्निया होइ।
तिण्णुदही पलियवमसंखभागं च उक्कोसा॥
तिण्णुदही पलियवमसंखभागो जहन्न नीलठिई।
दस उदही पलिओवममसंखभागं च उक्कोसा॥
दस उदही पलिओवममसंखभागं जहन्निया होइ।
तेत्तीससागराइं उक्कोसा होइ किण्हाए लेसाए॥
एसा नेरइयाणं, लेसाण ठिई उ वण्णिया होइ।

—उत्त० अ ३४। गा ४१-४४। पृ० १०४७

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कापोतलेश्या की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की, उत्कृष्ट स्थिति पल्योपम के असंख्यातवें भाग सहित तीन सागरोपम की होती है।

नीललेश्या की स्थिति जघन्य पल्योपम के असंख्यातवें भाग सहित तीन सागरोपम की, उत्कृष्ट स्थिति पल्योपम के असंख्यातवें भाग सहित दस सागरोपम की होती है।

कृष्णलेश्या की स्थिति जघन्य पल्योपम के असंख्यातवें भाग सहित दस सागरोपम की, उत्कृष्ट स्थिति तेंतीस सागरोपम की होती है।

(उपरोक्त) लेश्याओं की यह स्थिति नारकी की कही गई है।

'५४'२ तिर्यंच की लेश्या स्थिति :—

अंतोमुहुत्तमद्धं लेसाण ठिई जहिं जहिं जा उ।
तिरियाण नराणं वा वज्जित्ता केवलं लेसं॥

—उत्त० अ ३४ । गा ४५ । पृ० १०४७

तिर्यंच की सर्व लेश्याओं की जघन्य उत्कृष्ट स्थिति अन्तर्मुहूर्त्त की है।

'५४'३ मनुष्य की लेश्या की स्थिति :—

क—पाँच लेश्या की स्थिति—

अंतोमुहुत्तमद्धं लेसाण ठिई जहिं जहिं जा उ।
तिरियाण नराणं वा वज्जित्ता केवल लेसं॥

—उत्त० अ ३४ । गा ४५ । पृ० १०४७

मनुष्यों में शुक्ललेश्या को छोड़कर अवशिष्ट सब लेश्याओं की जघन्य एवं उत्कृष्ट स्थिति अन्तर्मुहूर्त्त की है।

ख—शुक्ललेश्या की स्थिति :—

मुहुत्तद्धं तु जहन्ना, उक्कोसा होइ पुव्वकोडी ओ।
नवहिं वरिसेहिं ऊणा, नायव्वा सुक्कलेसाए॥

—उत्त० अ ३४ । गा ४६ । पृ० १०४७

शुक्ललेश्या की स्थिति—जघन्य अंतर्मुहूर्त्त, उत्कृष्ट नौ वर्ष न्यून एक करोड़ पूर्व की है।

'५४'४ देव की लेश्या स्थिति :—

तेण परं वोच्छामि, लेसाण ठिई उ देवाणं॥
दस वाससहस्साइं, किण्हाए ठिई जहन्निया होइ।
पलियमसंखिज्जइमो, उक्कोसा होइ किण्हाए॥
जा किण्हाए ठिई खलु, उक्कोसा सा उ समयमब्भहिया।
जहन्नेणं नीलाए, पलियमसंखं च उक्कोसा॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जा नीलाए ठिई खलु, उक्कोसा सा उ समयमब्भहिया।
जहन्नेणं काऊए, पलियमसंखं च उक्कोसा॥
तेण परं वोच्छामि, तेऊलेसा जहा सुरगणाणं।
भवणवइवाणमंतर जोइस वेमाणियाणं च॥
पलिओवमं जहन्ना, उक्कोसा सागरा उ दुण्हहिया।
पलियमसंखेज्जेणं, होइस भागेण तेऊए॥
दसवाससहस्साइं, तेऊए ठिई जहन्निया होइ।
दुन्नुदही पलिओवमअसंखभागं च उक्कोसा॥
जा तेऊए ठिई खलु, उक्कोसा सा उ समयमब्भहिया।
जहन्नेणं पम्हाए, दस मुहुत्ताऽहियाइं उक्कोसा॥
जा पम्हाए ठिई खलु, उक्कोसा सा उ समयमब्भहिया।
जहन्नेणं सुक्काए, तेत्तीसमुहुत्तमब्भहिया॥

—उत्त० अ ३४। गा ४७-५५। पृ० १०४८

देवों की लेश्या की स्थिति में कृष्णलेश्या की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष की और उत्कृष्ट पल्योपम के असंख्यातवें भाग की होती है। नीललेश्या की जघन्य स्थिति तो कृष्ण लेश्या की उत्कृष्ट स्थिति से एक समय अधिक है और उत्कृष्ट स्थिति पल्योपम के असंख्यातवें भाग की है।

कापोत लेश्या की जघन्य स्थिति, नीललेश्या की उत्कृष्ट स्थिति से एक समय अधिक और उत्कृष्ट पल्योपम के असंख्यातवें भाग की होती है।

तेजोलेश्या की स्थिति जघन्य एक पल्योपम और उत्कृष्ट पल्योपम के असंख्यातवें भाग अधिक दो सागरोपम की (वैमानिक की) होती है।

तेजोलेश्या की स्थिति जघन्य दस हजार वर्ष (भवनपति और व्यन्तर देवों की अपेक्षा) और उत्कृष्ट पल्योपम के असंख्यातवें भाग अधिक दो सागरोपम की होती है।

जो उत्कृष्ट स्थिति तेजोलेश्या की है उससे एक समय अधिक पद्मलेश्या की जघन्य स्थिति होती है और उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त्त अधिक दस सागरोपम की है।

जो उत्कृष्ट स्थिति पद्मलेश्या की है, उससे एक समय अधिक शुक्ललेश्या की जघन्य स्थिति होती है, और शुक्ललेश्या की स्थिति उत्कृष्ट तेंतीस सागरोपम की होती है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

·५५ लेश्या और गर्भ-उत्पत्ति

कण्हलेसे णं भंते ! मणुस्से कण्हलेसं गब्भं जणेज्जा ? हंता गोयमा ! जणेज्जा। कण्हलेसे मणुस्से नीललेसं गब्भं जणेज्जा ? हंता गोयमा ! जणेज्जा, जाव सुक्कलेसं गब्भं जणेज्जा। नीललेसे मणुस्से कण्हलेसं गब्भं जणेज्जा ? हंता गोयमा ! जणेज्जा, एवं नीललेसे मणुस्से जाव सुक्कलेसं गब्भं जणेज्जा, एवं काऊलेसेणं छप्पि आलावगा भाणियव्वा। तेऊलेसाण वि पम्हलेसाण वि सुक्कलेसाण वि, एवं छत्तीसं आलावगा भाणियव्वा। कण्हलेसा इत्थिया कण्हलेसं गब्भं जणेज्जा ? हंता गोयमा ! जणेज्जा, एवं एए वि छत्तीसं आलावगा भाणियव्वा। कण्हलेसे णं भंते ! मणुस्से कण्हलेसाए इत्थियाए कण्हलेसं गब्भं जणेज्जा ? हंता गोयमा ! जणेज्जा, एवं एए छत्तीसं आलावगा। कम्मभूमगकण्हलेसे णं भंते ! मणुस्से कण्हलेसाए इत्थियाए कण्हलेसं गब्भं जणेज्जा ? हंता गोयमा ! जणेज्जा, एवं एए छत्तीसं आलावगा। अकम्मभूमयकण्हलेसे मणुस्से अकम्मभूमयकण्हलेसाए इत्थियाए अकम्मभूमयकण्हलेसं गब्भं जणेज्जा ? हंता गोयमा ! जणेज्जा, नवरं चउसु लेसासु सोलस आलावगा, एवं अंतरदीवगाण वि। —भग० श १६। उ २। प्रज्ञापणा की भोलावणा पृ० ७८१

—पण्ण० प १७। उ ६। सू ६७। पृ० ४५२

१—कृष्णलेशी मनुष्य कृष्णलेशी यावत् शुक्ललेशी गर्भ को उत्पन्न करता है।

२—नीललेशी मनुष्य कृष्णलेशी यावत् शुक्ललेशी गर्भ को उत्पन्न करता है।

३—कापोतलेशी मनुष्य कृष्णलेशी यावत् शुक्ललेशी गर्भ को उत्पन्न करता है।

४—तेजोलेशी मनुष्य कृष्णलेशी यावत् शुक्ललेशी गर्भ को उत्पन्न करता है।

५ - पद्मलेशी मनुष्य कृष्णलेशी यावत् शुक्ललेशी गर्भ को उत्पन्न करता है।

६—शुक्ललेशी मनुष्य कृष्णलेशी यावत् शुक्ललेशी गर्भ को उत्पन्न करता है।

७ से १२ – इसी प्रकार कृष्णलेशी स्त्री यावत् शुक्ललेशी स्त्री कृष्णलेशी यावत् शुक्ललेशी गर्भ को उत्पन्न करती है।

१३ से १८—कृष्णलेशी मनुष्य यावत् शुक्ललेशी मनुष्य कृष्णलेशी स्त्री में यावत् शुक्ललेशी स्त्री में कृष्णलेशी यावत् शुक्ललेशी गर्भ को उत्पन्न करता है।

१६ से २४—कर्मभूमिज कृष्णलेशी मनुष्य यावत् शुक्ललेशी मनुष्य कृष्णलेशी स्त्री यावत् शुक्ललेशी स्त्री में कृष्णलेशी यावत् शुक्ललेशी गर्भ उत्पन्न करता है।

२५ से २८—अकर्मभूमिज कृष्णलेशी मनुष्य यावत् तेजोलेशी मनुष्य अकर्मभूमिज कृष्णलेशी स्त्री यावत् तेजोलेशी स्त्री कृष्णलेशी यावत् शुक्ललेशी गर्भ उत्पन्न करता है।

२६ से ३२—इसी प्रकार अन्तर्द्वीपज मनुष्यों का जानना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

·५६ जीव और लेश्या समपद

१—नारकी और लेश्या समपद :—

(क) नेरइया णं भंते ! सव्वे समलेस्सा ? गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे । से केणट्ठेणं जाव नो सव्वे समलेस्सा ? गोयमा ! नेरइया दुविहा पण्णत्ता । तंजहा पुव्वोववन्नगा य, पच्छोववन्नगा य, तत्थ णं जे ते पुव्वोववन्नगा ते णं विसुद्धलेस्सतरागा, तत्थ णं जे ते पच्छोववन्नगा ते णं अविसुद्धलेस्सतरागा, से तेणट्ठेणं ।

—भग० श १ । उ २ । प्र ७५-७६ पृ० ३६१

(ख) एवं जहेव वन्नेणं भणिया तहेव लेस्सासु विशुद्धलेसतरागा अविशुद्धलेसतरागा य भाणियव्वा ।

—पण्ण० प १७ । उ १ । सू ३ । पृ० ४३५

नारकी दो तरह के होते हैं यथा—१ पूर्वोपपन्नक, २ पश्चादुपपन्नक । उनमें जो पूर्वोपपन्नक हैं वे विशुद्धलेश्या वाले होते हैं, तथा जो पश्चादुपपन्नक हैं वे अविशुद्धलेश्या वाले होते हैं । अतः नारकी समलेश्या वाले नहीं होते हैं।

२—पृथ्वीकाय यावत् वनस्पतिकाय, तीन विकलेन्द्रिय, तिर्यंच पंचेन्द्रिय तथा मनुष्य और लेश्या समपद :—

क—पुढविकाइयाणं आहारकम्मवन्न लेस्सा जहा नेरइयाणं × × जहा पुढविकाइया तहा जाव चउरिंदिया । पंचिंदियतिरिक्खजोणिया जहा नेरइया । × × मणुस्सा जहा नेरइया ।

—भग० श १ । उ २ । प्र ८४, ८६, ६०, ६३ । पृ० ३६२

ख—पुढविकाइया आहारकम्मवन्नलेस्साहिं जहा नेरइया × एवं जाव चउरिंदिया । पंचेंदिय तिरिक्खजोणिया जहा नेरइया । मणुस्सा सव्वे णो समाहारा । सेसं जहा नेरइयाणं ।

—पण्ण० प १७ । उ १ । सू ८-६ । पृ० ४३६

पृथ्वीकाय यावत् वनस्पतिकाय, तीन विकलेन्द्रिय, तिर्यंच पंचेन्द्रिय, मनुष्य-नारकी की तरह समलेश्या वाले नहीं होते हैं।

३—देव और लेश्या समपद :—

१—असुरकुमार यावत् स्तनितकुमार देव में—

क—(असुर कुमारा) एवं वन्नलेस्साए पुच्छा ! तत्थ णं जे ते पूव्वोववन्नगा तेणं अविशुद्धवन्नतरागा, तत्थ णं जे ते पच्छोववन्नगा ते णं विशुद्धवन्नतरागा, से

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ-असुरकुमाराणं सव्वे णो समवन्ना। एवं लेस्साएवि ××× एवं जाव थणियकुमारा।

—पण्ण० प १७ । उ १ । सू ७ । पृ० ४३५

(ख) (असुरकुमारा) जहा नेरइया तहा भाणियव्वा, नवरं-कम्म-वण्ण-लेस्साओ परिवण्णेयव्वाओ पूव्वोववण्णा महाकम्मतरा, अविसुद्धवण्णतरा, अविसुद्धलेसतरा, पच्छोववण्णा पसत्था, सेसं तहेव। एवं जाव—थणियकुमाराणं।

—भग० श १ । उ २ । प्र ८३ । पृ० ३९२

असुरकुमार यावत् स्तनितकुमार दसों भवनवासी देव—समलेश्या वाले नहीं हैं क्योंकि उनमें जो पूर्वोपपन्नक हैं वे अविशुद्धलेश्यावाले होते हैं, तथा जो पश्चादुपपन्नक हैं वे विशुद्धलेश्या वाले होते हैं। अतः असुरकुमार यावत् स्तनितकुमार—दसों भवनवासी देव समलेश्या वाले नहीं होते हैं।

२—वाणव्यंतर, ज्योतिषी, वैमानिक देव में :—

क—वाणमंतरजोइसवेमाणिया जहा असुरकुमारा।

—भग० श १ । उ २ । प्र ९६ । पृ० ३९३

ख—वाणमंतराणं जहा असुरकुमाराणं। एवं जोइसियवेमाणियाणवि।

पण्ण० प० १७ । ३१ । सू० १० । पृ० ४३७

वाणव्यंतर—ज्योतिष-वैमानिक देव भवनवासी देवों की तरह समलेश्यावाले नहीं होते हैं।

·५७ लेश्या और जीव का उत्पत्ति-मरण

·५७·१ लेश्या-परिणति तथा जीव का उत्पत्ति-मरण :—

लेसाहिं सव्वाहिं, पढमे समयम्मि परिणयाहिं तु।
न हु कस्सइ उववाओ, परेभवे अत्थि जीवस्स॥
लेस्साहिं सव्वाहिं चरिमे, समयम्मि परिणयाहिं तु।
न हु कस्सइ उववाओ, परेभवे होइ जीवस्स॥
अंतमुहुत्तम्मि गए, अंतमुहुत्तम्मि सेसए चेव।
लेसाहिं परिणयाहिं, जीवा गच्छन्ति परलोयं॥

—उत्त० अ ३४ । गा ५८-६० । पृ० १०४८

सभी लेश्याओं की प्रथम समय की परिणति में किसी भी जीव की परभव में उत्पत्ति नहीं होती। सभी लेश्याओं की अन्तिम समय की परिणति में किसी भी जीव की परभव

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

में उत्पत्ति नहीं होती। लेश्या की परिणति के बाद अन्तर्मुहूर्त बीतने पर और अन्तर्मुहूर्त शेष रहने पर जीव परलोक में जाता है।

'५७'२ मरण काल में लेश्या-ग्रहण और उत्पत्ति के समय की लेश्या

जीवे णं भंते ! जे भविए नेरइएसु उववज्जित्तए से णं भंते ! किं लेसेसु उववज्जइ ? गोयमा ! जल्लेसाइं दव्वाइं परिआइत्ता कालं करेइ, तल्लेसेसु उववज्जइ, तं जहा—कण्हलेसेसु वा नीललेसेसु वा काऊलेसेसु वा एवं जस्स जा लेस्सा सा तस्स भाणियव्वा।

जाव-जीवे णं भंते ! जे भविए जोइसिएसु उववज्जित्तए पुच्छा ? गोयमा ! जल्लेसाइं दव्वाइं परिआइत्ता कालं करेइ तल्लेसेसु उववज्जइ, तंजहा—तेऊलेसेसु।

जीवे णं भंते ! जे भविए वेमाणिएसु उववज्जित्तए से णं भंते ! किं लेसेसु उववज्जइ ? गोयमा ! जल्लेसाइं दव्वाइं परिआइत्ता कालं करेइ तल्लेसेसु उववज्जइ, तंजहा—तेऊलेसेसु वा, पम्हलेसेसु वा, सुक्कलेसेसु वा।

—भग० श ३ । उ ४ । प्र १७-१९ । पृ० ४५६ ।

जो जीव नारकियों में उत्पन्न होने योग्य है वह जीव जिस लेश्या के द्रव्यों को ग्रहण करके काल करता है उसी लेश्या में जाकर उत्पन्न होता है, यथा—कृष्ण लेश्या में, नील लेश्या में अथवा कापोत लेश्या में। यावत् दण्डक के ज्योतिषी जीवों के पहले तक ऐसा ही कहना। अर्थात् जिसके जो लेश्या हो उसके वह लेश्या कहनी।

जो जीव ज्योतिषी देवों में उत्पन्न होने योग्य है वह जीव जिस लेश्या के द्रव्यों को ग्रहण करके काल करता है उसी लेश्या में जाकर उत्पन्न होता है ; अर्थात् तेजोलेश्या में। जो जीव वैमाणिक देवों में उत्पन्न होने योग्य है वह जीव जिस लेश्या के द्रव्यों को ग्रहण करके काल करता है उसी लेश्या में जाकर उत्पन्न होता है ; यथा तेजोलेश्या में, पद्मलेश्या में अथवा शुक्ललेश्या में, अर्थात् जिसके जो लेश्या हो उसके वह लेश्या कहनी।

दण्डक के अन्तिम सूत्र को दिखाने के निमित्त पूर्वोक्त सूत्र (जाव—जीवे णं भंते इत्यादि) कहा गया है। टीकाकार का कथन है कि यदि ऐसा ही था तो फिर केवल वैमानिक का सूत्र ही कहना चाहिये था फिर ज्योतिषी तथा वैमानिक के सूत्र अलग-अलग क्यों कहे ? वैमानिक और ज्योतिषियों की लेश्या उत्तम होती है यह दिखाने के निमित्त ही दोनों के सूत्र अलग-अलग कहे गए हैं। अथवा ऐसा करने का कारण सूत्रों की विचित्र गति हो सकती है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'५७'३ मरण की लेश्या से अतिक्रान्त करने पर :

अणगारे णं भंते! भावियप्पा चरमं देवावासं वीइक्कंते परमं देवावासं असंपत्ते एत्थ णं अंतरा कालं करेज्जा, तस्स णं भंते! कहिं गइ कहिं उववाए पन्नत्ते? गोयमा! जे से तत्थ परियस्सओ (परिस्सऊ) तल्लेसा देवावासा, तहिं तस्स गइ, तहिं तस्स उववाए पन्नत्ते। से य तत्थ गए विराहेज्जा, कम्मलेस्सामेव पडिवडइ, से य तत्थ गए णो विराहेज्जा, तामेव लेस्सं उवज्जिता णं विहरइ। अणगारे णं भंते! भावियप्पा चरमं असुरकुमारा वासं वीइक्कंते परमं असुरकुमारा० एवं चेव, एवं जाव थणियकुमारावासं, जोइसियावासं एवं वेमाणियावासं जाव विहरइ।

—भग० श १४ । उ १ । प्र २, ३ । पृ० ६६५

भवितात्मा अणगार (साधु) जिसने चरम देवावास का उल्लंघन किया हो तथा अभी तक परम अर्थात् अगले देवावास को प्राप्त नहीं हुआ हो वह साधु यदि इस बीच में मृत्यु को प्राप्त हो तो उसकी कहाँ गति होगी तथा वह कहाँ उत्पन्न होगा ?

टीकाकार प्रश्न को समझाते हुए कहते हैं—उत्तरोत्तर प्रशस्त अध्यवसाय स्थान को प्राप्त होनेवाला अणगार जो चरम—सौधर्मादि देवलोक के इस तरफ वर्तमान देवावास की स्थिति आदि बंधने योग्य अध्यवसाय स्थान को पार कर गया हो तथा परम—ऊपर स्थित सनत्कुमारादि देवलोक की स्थिति आदि बंधने योग्य अध्यवसाय को प्राप्त नहीं हुआ हो उस अवसर में यदि मरण को प्राप्त हो तो उसकी कहाँ गति होगी तथा वह कहाँ उत्पन्न होगा ?

चरम देवावास तथा परम देवावास के पास जहाँ उस लेश्या वाले देवावास हैं वहाँ उसकी गति होगी तथा वहाँ उसका उत्पाद होगा।

टीकाकार इस उत्तर को समझाते हुए कहते हैं—सौधर्मादि देवलोक तथा सनत्कुमारादि देवलोक के पास ईशानादि देवलोक में जिस लेश्या में साधु मरण को प्राप्त होता है उस लेश्यावाले देवलोक में उसकी गति तथा उसका उत्पाद होता है।

वह साधु वहाँ जाकर यदि अपनी पूर्व की लेश्या की विराधना करता है तो वह कर्मलेश्या से पतित होता है (टीकाकार यहाँ कर्मलेश्या से भावलेश्या का अर्थ ग्रहण करते हैं) तथा वहाँ जाकर यदि वह लेश्या की विराधना नहीं करता है तो वह उसी लेश्या का आश्रय करके विहरता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

·५८ किसी एक योनि से स्व/पर योनि में उत्पन्न होने योग्य जीवों में कितनी लेश्या* :—

·५८·१ रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

·५८·१·१ पर्याप्त असंज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१ : पर्याप्त असंज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्ता (त्त) असन्नि पंचिंदियतिरिक्ख जोणिए णं भंते ! जे भविए रयणप्पभाए पुढवीए नेरइएसु उववज्जित्तए × × × तेसि णं भंते ! जीवाणं कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ ? गोयमा ! तिन्नि लेस्साओ पन्नताओ । तं जहा कण्हलेस्सा, नीललेस्सा, काऊलेस्सा)** उनमें कृष्ण, नील तथा कापोत तीन लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र ७, १२ । पृ० ८१५

---

* इस विवेचन में निम्नलिखित नौ गमकों की अपेक्षा से वर्णन किया गया है :—

१—उत्पन्न होने योग्य जीव की औघिक स्थिति तथा उत्पन्न होने योग्य जीवस्थान की औघिक स्थिति,

२—उत्पन्न होने योग्य जीव की औघिक स्थिति तथा उत्पन्न होने योग्य जीवस्थान की जघन्यकाल स्थिति,

३—उत्पन्न होने योग्य जीव की औघिक स्थिति तथा उत्पन्न होने योग्य जीवस्थान की उत्कृष्टकालस्थिति,

४—उत्पन्न होने योग्य जीव की जघन्यकालस्थिति तथा उत्पन्न होने योग्य जीवस्थान की औघिक स्थिति,

५—उत्पन्न होने योग्य जीव की जघन्यकालस्थिति तथा उत्पन्न होने योग्य जीवस्थान की जघन्यकालस्थिति,

६—उत्पन्न होने योग्य जीव की जघन्यस्थिति तथा उत्पन्न होने योग्य जीवस्थान की उत्कृष्टकालस्थिति,

७—उत्पन्न होने योग्य जीव की उत्कृष्टकालस्थिति तथा उत्पन्न होने योग्य जीवनस्थान की औघिक स्थिति,

८—उत्पन्न होने योग्य जीव की उत्कृष्टकालस्थिति तथा उत्पन्न होने योग्य जीवस्थान की जघन्यकालस्थिति,

९—उत्पन्न होने योग्य जीव की उत्कृष्टकालस्थिति तथा उत्पन्न होने योग्य जीवस्थान की उत्कृष्टकालस्थिति।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गमक—२ : पर्याप्त असंज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से जघन्यस्थितिवाले रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्ता असन्निपंचिंदियतिरिक्खजोणिए णं भंते ! जे भविए जहन्नकालट्ठिईएसु रयणप्पभापुढविनेरइएसु उववज्जित्तए ××× ते णं भंते ! ××× एवं सच्चेव वत्तव्वया निरवसेसा भाणियव्वा**) उनमें कृष्ण, नील तथा कापोत तीन लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र २८, २६ । पृ० ८१६

गमक ३— : पर्याप्त असंज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से उत्कृष्टस्थितिवाले रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्ताअसन्निपंचिंदियतिरिक्ख जोणिए णं भते ! जे भविए उक्कोसकालट्ठिईएसु रयणप्पभापुढविनेरइएसु उववजित्तए ××× ते णं भंते ! जीवा० अवसेसं तं चेव, जाव—अनुबंधो**) उनमें कृष्ण, नील तथा कापोत तीन लेश्या होती हैं।

—भग० श २४। उ १ । प्र ३१, ३२ । पृ० ८१६

गमक—४ : जघन्यस्थितिवाले पर्याप्त असंज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**जहन्नकालट्ठिईयपज्जत्ताअसन्निपंचिंदिय-तिरिक्खजोणिए णं भंते ! जे भविए रयणप्पभापुढविनेरइएसु उववज्जित्तए ××× ते णं भंते ! ××× सेसं तं चेव**) उनमें कृष्ण, नील तथा कापोत तीन लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र ३४, ३५ । पृ० ८१७

गमक—५ : जघन्यस्थितिवाले पर्याप्त असंज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से जघन्यस्थिति-वाले रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**जहन्नकालट्ठिईयपज्जत्त असन्नि पंचिंदियतिरिक्ख जोणिए णं भंते ! जे भविए जहन्नकालट्ठिईएसु रयणप्पभापुढविनेरइएसु उववज्जित्तए ××× ते णं भंते ! जीवा० सेसं तं चेव**) उनमें कृष्ण, नील तथा कापोत तीन लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र ३७, ३८ । पृ० ८१७

गमक—६ : जघन्यस्थितिवाले पर्याप्त असंज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से उत्कृष्टस्थिति-वाले रत्नप्रभा पृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**जहन्नकालट्ठिईय-पज्जत्ता० जाव—तिरिक्खजोणिए णं भंते ! जे भविए उक्कोसकालट्ठिईएसु रयणप्पभापुढविनेरइएसु उववज्जित्तए ××× ते णं भंते ! जीवा० अवसेसं तं चेव**) उनमें कृष्ण, नील तथा कापोत तीन लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र ४०, ४१ । पृ० ८१७

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गमक—७ : उत्कृष्टस्थितिवाले पर्याप्त असंज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से रत्नप्रभा-पृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**उक्कोसकालट्ठिईयपज्जत्तअसन्निपंचिंदियतिरिक्ख जोणिए णं भंते! जे भविए रयणप्पभापुढविनेरइएसु उववज्जित्तए × × × ते णं भंते! जीवा० × × × अवसेसं जहेव ओहियगमएणं तहेव अणुगंतव्वं**) उनमें कृष्ण, नील तथा कापोत तीन लेश्या होती हैं।

—भग० श २४। उ १। प्र ४३, ४४। पृ० ८१७-१८

गमक—८ : उत्कृष्टस्थितिवाले पर्याप्त असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से जघन्यस्थितिवाले रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**उक्कोसकालट्ठिईयपज्जत्त० तिरिक्ख जोणिए णं भंते! जे भविए जहन्नकालट्ठिईएसु रयण० जाव—उववज्जित्तए × × × ते णं भंते! जीवा० × × × सेसं तं चेव, जहा सत्तमगमए**) उनमें कृष्ण, नील तथा कापोत तीन लेश्या होती हैं।

—भग० श २४। उ १। प्र ४६, ४७। पृ० ८१८

गमक—६ : उत्कृष्टस्थितिवाले पर्याप्त असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से उत्कृष्टस्थितिवाले रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**उक्कोसकालट्ठिईयपज्जत्त—जाव—तिरिक्खजोणिए णं भंते! जे भविए उक्कोसकालट्ठिईएसु रयण० जाव—उववज्जित्तए × × × ते णं भंते! जीवा० × × × सेसं जहा सत्तमगमए**) उनमें कृष्ण, नील तथा कापोत तीन लेश्या होती हैं।

—भग० श २४। उ १। प्र ४६, ५०। पृ० ८१८

·५८·१·२ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से रत्नप्रभा-पृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्तसंखेज्जवासाउयसन्निपंचिंदियतिरिक्ख जोणिए णं भंते! जे भविए रयणप्पभपुढविनेरइएसु उववज्जित्तए × × × तेसि णं भंते! जीवाणं कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ? गोयमा! छल्लेस्साओ पन्नत्ताओ। तं जहा—कण्हलेस्सा, जाव—सुक्कलेस्सा**) उनमें कृष्ण यावत् शुक्ल छः लेश्या होती हैं।

—भग० श २४। उ १। प्र ५५, ५६। पृ० ८१६

गमक—२ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से जघन्य-कालस्थितिवाले रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्तसंखेज्ज०**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जाव—जे भविए जहन्नकाल० ××× ते णं भंते ! जीवा एवं सो चेव पढमो गमओ निरवसेसो भाणियव्वो) उनमें कृष्ण यावत् शुक्ल छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र ६१, ६२ । पृ० ८१६

गमक—३ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से उत्कृष्ट-स्थितिवाले रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (सो चेव उक्कोस-कालट्ठिईएसु उववन्नो ××× अवसेसो परिमाणादीओ भवाएसपज्जवसाणो सो चेव पढमगमओ णेयव्वो) उनमें कृष्ण यावत् शुक्ल छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र ६३ । पृ० ८१६

गमक—४ : जघन्यस्थितिवाले पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (जहन्नकालट्ठिईय-पज्जत्तसंखेज्जवासाउयसन्निपंचिंदियतिरिक्खजोणिए णं भंते! जे भविए रयणप्पभपुढवि० जाव—उववज्जित्तए ××× ते णं भंते ××× लेस्साओ तिन्नि आदिल्लाओ) उनमें प्रथम की तीन लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र ६४, ६५ । पृ० ८१६-२०

गमक—५ : जघन्यस्थितिवाले पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से जघन्यस्थितिवाले रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो ××× ते णं भंते ! एवं सो चेव चउत्थो गमओ निरवसेसो भाणियव्वो) उनमें प्रथम की तीन लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र ६६ । पृ० ८२०

गमक—६ : जघन्यस्थितिवाले पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से उत्कृष्ट स्थितिवाले रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववन्नो ××× ते णं भंते ! एवं सो चेव चउत्थो गमओ निरवसेसो भाणियव्वो) उनमें प्रथम की तीन लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र ६७ । पृ० ८२०

गमक – ७ : उत्कृष्टस्थितिवाले पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (उक्कोसकालट्ठिईय-पज्जत्तसंखेज्जवासाउय० जाव— तिरिक्खजोणिए णं भंते ! जे भविए रयणप्पभा-पुढविनेरइएसु उववज्जित्तए ××× ते णं भंते ! जीवा० अवसेसो परिमाणादीओ भवाएसपज्जवसाणो एएसिं चेव पढमगमओ णेयव्वो) उनमें कृष्ण यावत् शुक्ल छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र ६८, ६९ । पृ० ८२०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गमक—८ : उत्कृष्टस्थितिवाले पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से जघन्यस्थितिवाले रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं। (**सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो × × × ते णं भंते! जीवा० सो चेव सत्तमो गमओ निरवसेसो भाणियव्वो**) उनमें कृष्ण यावत् शुक्ल छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४। उ १। प्र ७०, ७१। पृ० ८२०

गमक—९ : उत्कृष्टस्थितिवाले पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से उत्कृष्टस्थितिवाले रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**उक्कोसकालट्ठिईयपज्जत्त० जाव—तिरिक्खजोणिए णं भंते! जे भविए उक्कोसकालट्ठिईय० जाव—उववज्जित्तए × × × ते णं भंते! जीवा० सो चेव सत्तमगमओ निरवसेसो भाणियव्वो**) उनमें कृष्ण यावत् शुक्ल छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४। उ १। प्र ७२, ७३। पृ० ८२०-२१

·५८·१·३ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-९ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से रत्नप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्त संखेज्जवासाउयसन्निमणुस्से णं भंते! जे भविए रयणप्पभाए पुढवीए नेरइएसु उववज्जित्तए × × × ते णं भंते! एवं सेसं जहा सन्निपंचिंदयतिरिक्खजोणियाणं—जाव—'भवाएसो' त्ति। ग० १। सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो—एस (सा) चेव वत्तव्वया। ग० २। सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववन्नो—एस चेव वत्तव्वया। ग० ३। सो चेव अप्पणा जहन्नकालट्ठिईओ जाओ—एस चेव वत्तव्वया। ग० ४। सो चेव जहन्नकालट्ठिइएसु उववन्नो—एस चेव वत्तव्या चउत्थगमग सरिसा णेयव्वा। ग० ५। सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उवन्नो—एस चेव गमगो। ग० ६। सो चेव अप्पणा उक्कोसकालट्ठिईओ जाओ, सो चेव पढमगमओ णेयव्वो। ग० ७। सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो, सच्चेव सत्तमगमगवत्तव्वया। ग० ८। सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववन्नो, सच्चेव सत्तमगमगवत्तव्वया। ग० ९**) उनमें नव ही गमकों में छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४। उ १। प्र ९१-१००। पृ० ८२३-२४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'५८'२ शर्कराप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

'५८'२'१ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से शर्कराप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-६ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से शर्कराप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्त संखेज्जवासाउयसन्निपंचिंदियतिरिक्ख जोणिए णं भंते ! जे भविए सक्करप्पभाए पुढवीए नेरइएसु उववज्जित्तए × × × ते णं भंते ! जीवा × × × एवं जहेव रयणप्पभाए उववज्जंत-(गम) गस्स लद्धी सच्चेव निरवसेसा भाणियव्वा × × × एवं रयणप्पभपुढविगमग सरिसा णव वि गमगा भाणियव्वा ×××**) उनमें प्रथम के तीन गमकों में छ लेश्या, मध्यम के तीन गमकों में आदि की तीन लेश्या तथा शेष के तीन गमकों में छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र० ७४-७५ । पृ० ८२१

'५८'२'२ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से शर्कराप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-६ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से शर्कराप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्त संखेज्जवासाउयसन्निमणुस्से णं भंते ! जे भविए सक्करप्पभाए पुढवीए नेरइएसु जाव—उववज्जित्तए × × × ते णं भंते ! सो चेव रयणप्पभपुढविगमओ णेयव्वो × × × एवं एसा ओहिएसु तिसु वि गमएसु मणूसस्स लद्धी × × × । सो चेव अप्पणाजहन्नकालट्ठिईओ जाओ तस्स वि तिसु वि गमएसु एस चेव लद्धी × × × । सो चेव अप्पणा उक्कोसकालट्ठिईओ जाओ तस्स वि तिसु वि गमएसु × × × सेसं जहा पढमगमए**) उनमें नव ही गमकों में छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र १०१-१०४ । पृ० ८२४

'५८'३ वालुकाप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

'५८'३'१ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से वालुकाप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-६ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से वालुकाप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्तसंखेज्जवासाउयसन्निपंचिंदियतिरिक्ख जोणिए णं भंते ! जे भविए सक्करप्पभाए पुढवीए नेरइएसु उववज्जित्तए × × × ते णं भंते ! जीवा० × × × एवं जहेव रयणप्पभाए उववज्जंतग (मग) स्स लद्धी सच्चेव निरवसेसा भाणियव्वा—जाव 'भवाएसो' त्ति।**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

××× **एवं रयणप्पभपुढविगमसरिसा णव वि गमगा भाणियव्वा ××× एवं जाव—'छट्ठपुढवि' त्ति०)** उनमें प्रथम के तीन गमकों में छ लेश्या, मध्यम के तीन गमकों में आदि की तीन लेश्या तथा शेष के तीन गमकों में छ लेश्या होती हैं। ('५८'१'२)।

—भग० श २४ | उ १ | प्र ७४, ७५ | पृ० ८२१

'५८'३'२ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से वालुकाप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-६ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से बालुकाप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्तसंखेज्जवासाउयसन्निमणुस्से णं भंते ! जे भविए सक्करप्पभाए पुढवीए नेरइएसु जाव०—उववज्जित्तए ××× ते णं भंते !० सो चेव रयणप्पभपुढविगमओ णेयव्वो ××× सेसं तं चेव, जाव—'भवाएसो' त्ति। ××× एवं एसा ओहिएसु तिसु गमएसु मणुसस्स लद्धी। ×××।—ग० १-३। सो चेव अप्पणा जहन्नकालट्ठिईओ जाओ, तस्स वि तिसुवि गमएसु एस चेव लद्धी। ××× सेसं जहा ओहियाणं। ×××।—ग० ४-६। सो चेव अप्पणा उक्कोसकालट्ठिईओ जाओ। तस्स वि तिसु वि गमएसु ××× सेसं जहा पढमगमए। ××× ग० ७-६। एवं जाव—छट्ठपुढवी**) उनमें नव ही गमकों में छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ | उ १ | प्र १०१-१०४ | पृ० ८२४

'५८'४ पंकप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

'५८'४'१ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से पंकप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-६ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से पंकप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (देखो पाठ '५८'३'१) उनमें प्रथम के तीन गमकों में छ लेश्या, मध्यम के तीन गमकों में आदि की तीन लेश्या तथा शेष के तीन गमकों में छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ | उ १ | प्र ७४-७५ | पृ० ८२१

'५८'४'२ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से पंकप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-६ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से पंकप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (देखो पाठ '५८'३'२) उनमें नौ गमकों ही में छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ | उ १ | प्र १०१-१०४ | पृ० ८२४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

·५८·५ धूमप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

·५८·५·१ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से धूमप्रभा पृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-९ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से धूमप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (देखो पाठ ·५८·३·१) उनमें प्रथम के तीन गमकों में छ लेश्या, मध्यम के तीन गमकों में आदि की तीन लेश्या तथा शेष के तीन गमकों में छः लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र ७४, ७५ । पृ० ८२१

·५८·५·२ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से धूमप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-९ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से धूमप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (देखो पाठ ·५८·३·२) उनमें नव गमकों ही में छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र १०१-१०४ । पृ० ८२४

·५८·६ तमप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

·५८·६·१ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से तमप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीवों में :—

गमक—१-९ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से तमप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (देखो पाठ ·५८·३·१) उनमें प्रथम के तीन गमकों में छ लेश्या, मध्यम के तीन गमकों में आदि की तीन लेश्या तथा शेष के तीन गमकों में छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र ७४, ७५ । पृ० ८२१

·५८·६·२ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से तमप्रभापृथ्वी नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-९ :—पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से तमप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (देखो पाठ ·५८·३·२) उनमें नौ गमकों ही में छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ १ । प्र १०१-१०४ । पृ० ८२४

·५८·७ तमतमाप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

·५८·७·१ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से तमतमाप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्तसंखेज्जवासाउय० जाव—तिरिक्ख-**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जोणिए णं भंते ! जे भविए अहेसत्तमाए पुढवीए नेरइएसु उववज्जित्तए × × × ते णं भंते ! जीवा० एवं जहेव रयणप्पभाए णव गमगा लद्धी वि सच्चेव × × × सेसं तं चेव, जाव—'अनुबंधो'त्ति। × × ×।—प्र ७६,७७। ग० १। सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो० सच्चेव वत्तव्वया जाव—'भवाएसो' त्ति × × × प्र ७८। ग० २। सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववन्नो० सच्चेव लद्धी जाव—'अणुबंधो'त्ति × × ×।—प्र० ७६। ग० ३। सो चेव अप्पणा जहन्नकालट्ठिईओ जाओ० सच्चेव रयणप्पभपुढविजहन्नकालट्ठिईयवत्तव्वया भाणियव्वा, जाव 'भवाएसो'त्ति ×××—प्र ८०। ग० ४। सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो० एवं सो चेव चउत्थो गमओ निरवसेसो भाणियव्वो, जाव—'कालाएसो'त्ति—प्र ८१। ग० ५। सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववन्नो० सच्चेव लद्धी जाव—'अणुबंधो'त्ति ×××—प्र ८२। ग० ६। सो चेव अप्पणा उक्कोसकालट्ठिईओ जहन्नेणं × × × ते णं भंते !० अवसेसा सच्चेव सत्तमपुढविपढमगमवत्तव्वया भाणियव्वा, जाव—'भवाएसो'त्ति × × × सेसं तं चेव—प्र ८४। ग० ७। सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो० सच्चेव लद्धी × × × सत्तमगमगसरिसो—प्र ८५। ग० ८। सो चेव उक्कोसकालट्ठिएसु उववन्नो० एस चेव लद्धी जाव—'अणुबंधो'त्ति—प्र ८६। ग० ९) उनमें प्रथम के तीन गमकों में छ लेश्या, मध्यम के तीन गमकों में आदि की तीन लेश्या तथा शेष के तीन गमकों में छ लेश्या होती हैं ('५८'१'२)।

—भग० श २४। उ १। प्र ७६-८६। पृ० ८२१-२२

'५८'७'२ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से तमतमाप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-९ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से तमतमाप्रभापृथ्वी के नारकी में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्तसंखेज्जवासाउयसन्निमणुस्से णं भंते ! जे भविए अहेसत्तमाए पुढवि (वीए) नेरइएसु उववज्जित्तए × × × ते णं भंते ! जीवा० × × × अवसेसो सो चेव सक्करप्पभापुढविगमओ णेयव्वो × × × सेसं तं चेव जाव—'अणुबंधो'त्ति × × ×। ग० १। सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो—एस चेव वत्तव्वया × × ×। ग० २। सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववन्नो—एस चेव वत्तव्वया × × ×। ग० ३। सो चेव अप्पणा जहन्नकालट्ठिईओ जाओ, तस्स वि तिसु वि गमएसु एस चेव वत्तव्वया × × ×। ग० ४-६। सो चेव अप्पणा उक्कोसकालट्ठिईओ जाओ, तस्स वि तिसु वि गमएसु एस चेव वत्तव्वया × × ×। ग० ७-९**) उनमें नौ गमकों ही में छ लेश्या होती हैं ('५८'२'२)।

—भग० श २४। उ १। प्र १०५-११०। पृ० ८२४-२५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'५८'८ असुरकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य अन्य गति के जीवों में :—

'५८'८'१ पर्याप्त असंज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से असुरकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-६ : पर्याप्त असंज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से असुरकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्तअसन्निपंचिंदियतिरिक्खजोणिए णं भंते ! जे भविए असुरकुमारेसु उववज्जित्तए × × × ते णं भंते ! जीवा० ? एवं रयणप्पभागमगसरिसा णव वि गमा भाणियव्वा × × × अवसेसं तं चेव**) उनमें नव गमकों ही में आदि की तीन लेश्या होती हैं ('५८'१'१ ग० १-६)

—भग० श २४ । उ २ । प्र २, ३ । पृ० ८२५

'५८'८'२ असंख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से असुरकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में—

गमक—१-६ : असंख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से असुरकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**असंखेज्जवासाउयसन्निपंचिंदियतिरिक्खजोणिए णं भंते ! जे भविए असुरकुमारेसु उववज्जित्तए × × × ते णं भंते ! जीवा—पुच्छा । × × × चत्तारि लेस्सा आदिल्लाओ × × × । ग० १ । सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो—एस चेव वत्तव्वया × × × । ग० २ । सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववन्नो × × ×—एस चेव वत्तव्वया × × × सेसं तं चेव । ग० ३ । सो चेव अप्पणा जहन्नकालट्ठिईओ जाओ × × × ते णं भंते ! अवसेसं तं चेव जाव—'भवाएसो'त्ति × × × । ग० ४ । सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो—एस चेव वत्तव्वया × × × । ग० ५ । सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववन्नो × × × सेसं तं चेव × × × । ग० ६ । सो चेव अप्पणा उक्कोसकालट्ठिईओ जाओ, सो चेव पढम गमगो भाणियव्वो × × × । ग० ७ । सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो, एस चेव वत्तव्वया × × × । ग० ८ । सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववन्नो, एस चेव वत्तव्वया × × × । ग० ६**) उनमें नौ गमकों ही में आदि की चार लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ २ । प्र ५-१५ । पृ० ८२५।२७

'५८'८'३ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से असुरकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-६ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से असुरकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्तसंखेज्जवासाउय सन्निपंचिंदियतिरिक्खजोणिए णं भंते ! जे भविए असुरकुमारेसु उववज्जित्तए × × × ते णं भंते !**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जीवा० ××× एवं एएसिं रयणप्पभपुढविगमगसरिसा नव गमगा णेयव्वा। नवरं जाहे अप्पणा जहन्नकालट्ठिईओ भवइ, ताहे तिसु वि गमएसु इमं णाणत्तं —चत्तारि लेस्साओ) उनमें प्रथम के तीन गमकों में छ लेश्या, मध्यम के तीन गमकों में प्रथम की चार लेश्या तथा शेष के तीन गमकों में छ लेश्या होती हैं ('५८'१'२)।

—भग० २४। उ २। प्र १६,१७। पृ० ८२७

'५८'८'४ असंख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से असुरकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-६ : असंख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से असुरकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (असंखेज्जवासाउयसन्निमणुस्से णं भंते! जे भविए असुरकुमारेसु उववज्जित्तए ××× एवं असंखेज्जवासाउयतिरिक्खजोणियसरिसा आदिल्ला तिन्नि गमगा णेयव्वा ×××—प्र २०। ग० १-३। सो चेव अप्पणा जहन्नकालट्ठिईओ जाओ, तस्स वि जहन्नकालट्ठिइयतिरिक्खजोणिय सरिसा तिन्नि गमगा भाणियव्वा ××× सेसं तं चेव—प्र० २१। ग० ४-६। सो चेव अप्पणा उक्कोसकालट्ठिईओ जाओ, तस्स वि ते चेव पच्छिल्लगा तिन्नि गमगा भाणियव्वा—प्र० २२। ग० ७-९) उनमें नौ गमकों ही में आदि की चार लेश्या होती हैं ('५८'८'२)।

—भग० श २४। उ २। प्र २०-२२। पृ० ८२७

'५८'८'५ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से असुरकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-९ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से असुरकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (पज्जत्तसंखेज्जवासाउयसन्निमणुस्से णं भंते! जे भविए असुरकुमारेसु उववज्जित्तए ××× ते णं भंते! जीवा० ? एवं जहेव एएसिं रयणप्पभाए उववज्जमाणाणं णव गमगा तहेव इह वि णव गमगा भाणियव्वा ××× सेसं तं चेव) उनमें नौ गमकों ही में छ लेश्या होती हैं। ('५८'१'३)।

—भग० श २४। उ २। प्र २४, २५। पृ० ८२७-२८

'५८'९ नागकुमार यावत् स्तनितकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

५८'९'१ पर्याप्त असंज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से नागकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-९ : पर्याप्त असंज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से नागकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (नागकुमारा णं भंते! ××× जइ तिरिक्ख० ? एवं जहा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

असुरकुमाराणं वत्तव्वया तहा एएसिं वि जाव—'असन्नि'त्ति) उनमें नौ गमकों ही में प्रथम की तीन लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ ३ । प्र १-२ । पृ० ८२८

'५८'६'२ असंख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेंद्रिय तिर्यंच योनि से नागकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-६ : असंख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से नागकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**असंखेज्जवासाउयसन्निपंचिंदियतिरिक्खजोणिए णं भंते! जे भविए नागकुमारेसु उववज्जित्तए ××× ते णं भंते! जीवा० अवसेसो सो चेव असुरकुमारेसु उववज्जमाणस्स गमगो भाणियव्वो जाव—'भवाएसो'त्ति ×××—प्र० ५। ग० १। सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो, एस चेव वत्तव्वया ×××—प्र० ६। ग० २। सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववन्नो, तस्स वि एस चेव वत्तव्वया ××× सेसं तं चेव जाव—'भवाएसो'ति—प्र० ७। ग० ३। सो चेव अप्पणा जहन्नकालट्ठिईओ जाओ, तस्स वि तिसु वि गमएसु जहेव असुरकुमारेसु उववज्जमाणस्स जहन्नकालट्ठिइयस्स तहेव निरवसेसं—प्र० ८। ग० ४-६। सो चेव अप्पणा उक्कोसकालट्ठिईओ जाओ, तस्स वि तहेव तिन्नि गमगा जहा असुरकुमारेसु उववज्जमाणस्स ××× सेसं तं चेव—प्र० ६। ग० ७-६)** उनमें नव गमकों में हीं प्रथम की चार लेश्या होती हैं ('५८'८'२)

—भग० श २४ । उ ३ । प्र ४-६ । पृ० ८२८

'५८'६'३ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से नागकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-६ : पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनि से नागकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्तसंखेज्जवासाउय० जाव—जे भविए नागकुमारेसु उववज्जित्तए ××× एवं जहेव असुरकुमारेसु उववज्जमाणस्स वत्तव्वया तहेव इह वि णवसु वि गमएसु ××× सेसं तं चेव)** उनमें प्रथम के तीन गमकों में छ लेश्या, मध्यम के तीन गमकों में प्रथम की चार लेश्या तथा शेष के तीन गमकों में छ लेश्या होती हैं।

—भग० श २४ । उ ३ । प्र ११ । पृ० ८२८

'५८'६'४ असंख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से नागकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में : —

गमक—१-६ : असंख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से नागकुमार देवों में होने उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**असंखेज्जवासाउयसन्निमणुस्से णं भंते! जे भविए**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नागकुमारेसु उववज्जित्तए ××× एवं जहेव असंखेज्जवासाउयाणं तिरिक्खजोणियाणं नागकुमारेसु आदिल्ला तिन्नि गमगा तहेव इमस्स वि ××× सेसं तं चेव—प्र १३। ग० १-३। सो चेव अप्पणा जन्नकालट्ठिईओ जाओ, तस्स तिसु वि गमएसु जहा तस्स चेव असुरकुमारेसु उववज्जमाणस्स तहेव निरवसेसं—प्र १४। ग० ४-६। सो चेव अप्पणा उक्कोसकालट्ठिओजाओ, तस्स तिसु वि गमएसु जहा तस्स चेव उक्कोसकालट्ठिइयस्स असुरकुमारेसु उववज्जमाणस्स—××× सेसं तं चेव—प्र १५। ग० ७-९) उनमें नौ गमकों ही में प्रथम की चार लेश्या होती हैं ('५८'६'२—ग० १-३। '५८'८'४—ग०४-६)।

—भग० श २४। उ ३। प्र १३-१५। पृ० ८२८-२६

'५८'६'५ पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से नागकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-६: पर्याप्त संख्यात् वर्ष की आयुवाले संज्ञी मनुष्य से नागकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पज्जत्तसंखेज्जवासाउयसन्निमणुस्से णं भंते! जे भविए नागकुमारेसु उववज्जित्तए ××× एवं जहेव असुरकुमारेसु उववज्जमाणस्स सच्चेव लद्धी निरवसेसा नवसु गमएसु ×××**) उनमें नौ गमकों में ही छ लेश्या होती हैं '५८'८'५—'५८'१'३)।

—भग० श २४। उ ३। प्र १७। पृ० ६२६

५८'६'१ सुवर्णकुमार यावत् स्तनितकुमार देवों में उत्पन्न होने योग्य नागकुमार देवों की तरह जो पाँच प्रकार के जीव हैं (**अवसेसा सुवन्नकुमाराइं जाव—थणियकुमारा एए अट्ठ वि उद्देसगा जहेव नागकुमारा तहेव निरवसेसा भाणियव्वा**) उन पाँचों प्रकार के जीवों के सम्बन्ध में नौ गमकों के लिये जैसा नागकुमार उद्देशक में कहा वैसा कहना। इन आठों देवों के सम्बन्ध में प्रत्येक के लिए एक-एक उद्देशक कहना।

—भग० श २४। उ ४-११। पृ० ८२६

'५८'१० पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

'५८'१०'१ स्व योनि से पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-६ : पृथ्वीकायिक जीवों से पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**पुढविक्काइए णं भंते! जे भविए पुढविक्काइएसु उववज्जित्तए ××× ते णं भंते! जीवा० ××× चत्तारि लेस्साओ ××× —प्र ३-४। ग० १। सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो ×××—एवं चेव वत्तव्वया निरवसेसा—प्र ६। ग० २। सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववन्नो, ××× सेसं तं चेव, जाव—'अनुबंधो'त्ति ×××—प्र ७। ग० ५। सो चेव अप्पणा जहन्नकालट्ठिईओ जाओ, सो चेव पढमिल्लओ गमओ**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भाणियव्वो। णवरं लेस्साओ तिन्नि × × ×—प्र ८। ग० ४। सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो सच्चेव चउत्थगमग वत्तव्वया भाणियव्वा—प्र ९। ग० ५। सो चेव उक्कोसकालट्ठिईएसु उववन्नो, एस चेव वत्तव्वया –× × ×—प्र १०। ग० ६। सो चेव अप्पणा उक्कोसकालट्ठिईओ जाओ, एवं तइयगमगसरिसो निरवसेसो भाणियव्वो ×××—प्र ११। ग०७। सो चेव जहन्नकालट्ठिईएसु उववन्नो ××× एवं जहा सत्तमगमगो जाव—'भवाएसो' × × ×—प्र १२। ग० ८। सो चेव उक्कोस-कालट्ठिईएसु उववन्नो × × × एस चेव सत्तमगमग वत्तव्वया भाणियव्वा जाव—'भवाएसो'त्ति × × ×—प्र० १३। ग० ९) उनमें प्रथम के तीन गमकों में चार लेश्या, मध्यम के तीन गमकों में तीन लेश्या तथा शेष के तीन गमकों में चार लेश्या होती हैं।

—भग० श २४। उ १२। प्र ३-१३। पृ० ८२९-३१

'५८'१०'२ अप्कायिक योनि से पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-९ :—अप्कायिक योनि से पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**आउक्काइए णं भंते ! जे भविए पुढविक्काइएसु उववज्जित्तए × × × एवं पुढविक्काइयगमग सरिसा नव गमगा भाणियव्वा × × ×**) उनमें प्रथम के तीन गमकों में चार लेश्या, मध्यम के तीन गमकों में तीन लेश्या तथा शेष के तीन गमकों में चार लेश्या होती हैं। ('५८'१०'१)

—भग० श २४। उ १२। प्र १५। पृ० ८३१

'५८'१०'३ अग्निकायिक योनि से पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-९ :—अग्निकायिक योनि से पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**जइ तेउक्काइएहिंतो उववज्जंति० तेउक्काइयाण वि एस चेव वत्तव्वया। नवरं नवसु वि गमएसु तिन्नि लेस्साओ × × ×**) उनमें नव गमकों में ही तीन लेश्या होती हैं।

—भग० श २४। उ १२। प्र १६। पृ० ८३१

'५८'१०'४ वायुकायिक योनि से पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-९ : वायुकायिक योनि से पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने योग्य जो जीव हैं (**जइ वाउक्काइएहिंतो० ? वाउक्काइयाण वि एवं चेव णव गमगा जहेव तेउक्काइयाणं × × ×**) उनमें नौ गमकों में ही तीन लेश्या होती हैं ('५८'१०'३)।

—भग० श २४। उ १२। प्र १७। पृ० ८३१

'५८'१०'५ वनस्पतिकायिक योनि से पृथ्वीकायिक जीवों से उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

गमक—१-९ : वनस्पतिकायिक योनि से पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

योग्य जो जीव हैं (**जइ वणस्सइकाइएहिंतो उववज्जंति० ? वणस्सइकाइयाणं आउ-काइयगमगसरिसा णव गमगा भाणियव्वा**) उनमें प्रथम के तीन गमकों में चार लेश्या, मध्यम के तीन गमकों में तीन लेश्या तथा शेष के तीन गमकों में चार लेश्या होती हैं ('५८'१०'२—'५८'१०'१)।

—भग० श २४। उ १२। प्र १८। पृ० ८३१

'५८'१०'६ द्वीन्द्रिय से पृथ्वीकायिक जीवों में उत्पन्न होने योग्य जीवों में :—

